# शहीद स्मारक राजकीय महाविद्यालय

यूसुफपुर, मुहम्मदाबाद गाजीपुर (उ0प्र0)-233227

www.ssgpgc.ac.in फोन नं0-05493-242271 ssgpgc2014@gmail.com


क्रमांक........................................ दिनांक 31/7/2026

## महाविद्यालय की उत्कृष्ट कार्य-पद्धतियाँ एवं पहल

## (BEST PRACTICES & INITIATIVES)

### 1- मार्गदर्शन एवं विद्यार्थी सहयोग पहल (Mentorship and Student Support Initiative)

प्रत्येक शिक्षक द्वारा मार्गदर्शक (Mentor) के रूप में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति (Academic Progress), उपस्थिति, करियर मार्गदर्शन तथा व्यक्तिगत समस्याओं पर नियमित रूप से ध्यान देना एवं आवश्यक सहयोग प्रदान करना ।

**परिणाम (Outcomes):**

- विद्यार्थियों की उपस्थिति में सुधार हुआ है।
- कमजोर विद्यार्थियों के शैक्षणिक परिणामों में सुधार हुआ है।
- विद्यार्थियों के महाविद्यालय छोड़ने की प्रवृत्ति (Dropout) में कमी आई है।
- विद्यार्थियों में करियर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी है।
- शिक्षक-विद्यार्थी संवाद (Teacher–Student Interaction) में वृद्धि हुई है।

### 2- हरित एवं स्वच्छ परिसर पहल (Green & Clean Campus Initiative)

महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए नियमित स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, एकल-उपयोग प्लास्टिक (Single-use Plastic) मुक्त परिसर, कचरा पृथक्करण (Waste Segregation) तथा विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना।

**परिणाम (Outcomes):**

- विद्यार्थियों में पर्यावरणीय जागरूकता एवं जिम्मेदारी विकसित हुई है।
- एकल-उपयोग प्लास्टिक के उपयोग में कमी आई है।
- कचरा प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था विकसित हुई है।
- विद्यार्थियों में स्वच्छता, अनुशासन एवं सामुदायिक सहभागिता की भावना बढ़ी है।
- महाविद्यालय परिसर अधिक स्वच्छ एवं हरित हुआ है।

31.7.26

प्राचार्य
शहीद स्मारक राजकीय महाविद्यालय
यूसुफपुर, मुहम्मदाबाद
गाजीपुर